Geographical Society

धामी कॉलेज में दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

महेंद्र कुमार, सुन्नी। राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में शनिवार को भूगोल विभाग द्वारा मॉडल और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जनेश कपूर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रदर्शनी में मॉडल और पोस्टर के माध्यम से छात्र व छात्राओं ने नए-नए विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. साची सूद ने की। प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने इस सफल प्रदर्शनी के लिए विद्यार्थियों और संबंधित प्रवक्ता को बधाई दी।

धामी महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया

हिमाचल दस्तक ▮ सुन्नी

राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में शनिवार को भूगोल विभाग द्वारा मॉडल और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जनेश कपूर ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। प्रदर्शनी में मॉडल और पोस्टर के माध्यम से छात्र व छात्राओं ने नए-नए विचार प्रस्तुत किए। विभिन्न मॉडल की वर्तमान संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता की व्याख्या बहुत ही सुंदर ढंग से मुख्यअतिथि एवं अन्य गणमान्यों के समक्ष प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. साची सूद ने की। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रवीना और बिपाशा ने जलीय भू-आकृति, बीए द्वितीय वर्ष की अनुष्का और रक्षा ने महासागरीय स्थलाकृति, बीए द्वितीय वर्ष के मित्तल ने सूर्य और चंद्र ग्रहण, बीए द्वितीय वर्ष की गीतांजली ने उपग्रह संचार, बीए प्रथम वर्ष के छात्र अनीश ने आग्नेय, अवसादी और रूपांतरित पर मॉडल प्रस्तुत किए।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडल ने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य डॉ जनेश कपूर ने इस सफल प्रदर्शनी के लिए विद्यार्थियों और संबंधित प्रवक्ता को बधाई दी और उनके द्वारा दिए गए प्रकृति संरक्षण संदेश को सराहा। प्रदर्शनी में शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग तथा विद्यार्थियों सभी को आकर्षित किया।

सार संक्षेप

माडल से दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

राजकीय महाविद्यालय धामी में शनिवार को भूगोल विभाग की ओर से आयोजित माडल एवं पोस्टर प्रदर्शनी में हिस्सा लेते प्रतिभागी • जागरण

सुन्नी : राजकीय महाविद्यालय धामी में शनिवार को भूगोल विभाग की ओर से माडल और पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डा. साची सूद ने की। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रवीना और बिपाशा ने जलीय भू-आकृति, बीए द्वितीय वर्ष की अनुष्का और रक्षा ने महासागरीय स्थलाकृति, बीए द्वितीय वर्ष के मित्तल ने सूर्य व चंद्र ग्रहण, बीए द्वितीय वर्ष की गीतांजली ने उपग्रह संचार, बीए प्रथम वर्ष के छात्र अनीश ने आग्नेय, अवसादी और रूपांतरित पर माडल प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि प्राचार्य डा. जनेश कपूर ने प्रदर्शनी के लिए विद्यार्थियों और संबंधित प्रवक्ता को बधाई दी और प्रकृति संरक्षण के संदेश को सराहा। (संसू)

MY NET TV mynettv.online
निष्पक्ष,निर्भीक,निश्छल
डिजिटल समाचार
Saturday, 14-12-2024 mynettv. online

राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में भूगोल विभाग ने मॉडल और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया

रीता शर्मा, सुन्नी। राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में दिनांक 14 दिसंबर को भूगोल विभाग ने मॉडल और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी में मॉडल और पोस्टर के माध्यम से छात्र/छात्राओं ने नए-नए विचार प्रस्तुत किए। विभिन्न मॉडल की वर्तमान संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता की व्याख्या बहुत ही सुंदर ढंग से मुख्यातिथि एवं अन्य गणमान्यों के समक्ष प्रस्तुत की। मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जनेश कपूर थे। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ साची सूद ने की। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रवीना और बिपाशा ने जलीय भू-आकृति, बीए द्वितीय वर्ष की अनुष्का और रक्षा ने महासागरीय स्थलाकृति, बीए द्वितीय वर्ष के मित्तल ने सूर्य और चंद्र ग्रहण, बीए द्वितीय वर्ष की गीतांजली ने उपग्रह संचार, बीए प्रथम वर्ष के छात्र अनीश ने आग्नेय, अवसादी और रूपांतरित पर मॉडल बनाए थे। सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य डॉ जनेश कपूर ने इस सफल प्रदर्शनी के लिए विद्यार्थियों और संबंधित प्रवक्ता को बधाई दी और उनके द्वारा दिए गए प्रकृति संरक्षण संदेश को सराहा। प्रदर्शनी में शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग तथा विद्यार्थियों सभी को आकर्षित किया।